Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding provision of tap water under MGNREGA Scheme in Churu, Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । इस बार देश के अंदर जो गर्मी पड़ी है, उसका एक अपने-आप में रिकॉर्ड बना । मेरा क्षेत्र चूरू पूरी दुनिया भर में मशहूर इस बात के लिए हुआ कि टेम्प्रेचर 50.03 को टच किया । 2 जून को राजस्थान के अन्दर गंगानगर से लेकर जालौर और अलवर तक की आप बात करेंगे । हर जगह जबर्दस्त गर्मी पड़ती है । चुरू का तापमान हमेशा ही दुनिया में एक नम्बर पर आगे बढ़ता है और इस बार जो टेम्प्रेचर 48-49 के मुकाबले 50.03 तक पहुंचा, यह एक बहुत अलार्मिंग सिचुएशन है । मैं आपसे निवेदन करता हूँ, जिस रूप में वहां पर तूफान, आंधी, गर्मी, लू पड़ती है और ऐसे में लोगों को पानी लाने के लिए दूर गांव में जाना पड़ता है तो जो पानी हमारा 85 परसेंट जो सेलाइन वाटर है । मेरा आपसे अर्ज है, मैं आपके मार्गदर्शन में सरकार से कहना चाहूंगा कि नरेगा की स्कीम्स को इंप्लीमेंटेंशन को थोडा चेंज किया जाए, जो भारत के अन्दर 2022 तक 90 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर देने की बात कही ।

सर दो मिनट लूंगा सर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है गर्मी का मुद्दा है । 90 परसेंट घरों में जो टैप वाटर देने की जो बात कही गई है, चुरू के लिए प्राओरिटी पर एक नया बजट क्रियेट किया जाए ताकि लोगों के घरों तक पानी पहुंचे । सर एक बात और नरेगा के तहत एस.सी. एस.टी. और बी.पी.एल. परिवार के लोगों को कूंट बनाने की व्यवस्था दी जाती है मेरा निवेदन है कि चूरू लोक सभा क्षेत्र के आम किसानों की व्यवस्था दी जाए ताकि वो गर्मी से बचने के लिए पानी की व्यवस्था कर सकें ।